an>

Title: Need to expedite the construction of National Highway No. 106.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र भागलपुर विकास की दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। भागलपुर तथा आस-पास में बुनकरों की संख्या काफी है लेकिन आधारभूत संरचनाओं की कमी के चलते यहां विकास नहीं हो पा रहा है। यहां विश्व बैंक द्वारा स्वीकृत एक राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण होना है। विश्व बैंक द्वारा स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 106 एक महत्वपूर्ण परियोजना है जिसके निर्माण होने से भागलपुर क्षेत्र में बुनकरों सहित विदेशी पर्यटकों तथा आम नागरिकों को नेपाल सीमा तक आवागमन करने में काफी सुविधा होगी।

अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 106, वीरपुर बिहपुर मार्ग का निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराये जाने हेतु संबंधित विभाग को निदेश जारी करने का काय करें।